सत्यमेव जयते

# बिहार विधान सभा

की

# राजकीय आश्वासन समिति

का

# 360वाँ प्रतिवेदन

(स्वास्थ्य विभाग)

(दिनांक 23/07/2025 ई० को सदन में उपस्थापित)

बिहार विधान सभा
की
राजकीय आश्वासन समिति प्रशाखा द्वारा प्रकाशित ।

# विषय-सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | प्राक्कथन | क |
| 2. | राजकीय आश्वासन समिति के मा० सदस्यों एवं समिति के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची । | ख |
| 3. | आश्वासनों की सूची | ग |
| 4. | प्रतिवेदन | 1-19 |
| 5. | परिशिष्ट | 20-74 |

## प्राक्कथन

मैं सभापति, राजकीय आश्वासन समिति की हैसियत से बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 211 के तहत स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न वर्षों के कुल 16 आश्वासनों के कार्यान्वयन से संबंधित राजकीय आश्वासन समिति का 360वाँ प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करता हूँ ।

इस प्रतिवेदन में सन्निहित आश्वासनों को समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समीक्षोपरान्त कार्यान्वित माना गया तथा इस प्रतिवेदन को समिति की दिनांक 18 जुलाई, 2025 की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया।

संसदीय लोकतंत्र में विधायकगण, विधानमंडल में जनता की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु जन-प्रतिनिधि द्वारा जनहित के विषय पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसपर सरकार का आश्वासन होता है ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 284 के तहत गठित राजकीय आश्वासन समिति, सरकार द्वारा सदन में दिये गये ऐसे आश्वासनों, प्रतिज्ञाओं और वचनों आदि के कार्यान्वयन के प्रयोजनार्थ कार्य करती है तथा कार्यान्वित आश्वासनों से संबंधित प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करती है।

इन आश्वासनों के कार्यान्वयन में विभागीय पदाधिकारियों तथा सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है।

इस प्रतिवेदन को तैयार करने में समिति के सभी माननीय सदस्यों, सभा सचिवालय के पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के प्रति मैं अपना आभार प्रकट करता हूँ ।

दामोदर रावत,

सभापति,

राजकीय आश्वासन समिति,

बिहार विधान सभा, पटना ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## बिहार विधान सभा के राजकीय आश्वासन समिति की वर्ष 2025–26 के माननीय सदस्यों की सूची --

**सभापति**

| | |
|---|---|
| 1. श्री दामोदर रावत | स०वि०स० |

**सदस्यगण**

| | |
|---|---|
| 1. श्री संजय कुमार गुप्ता | स०वि०स० |
| 2. श्री सुदर्शन कुमार | स०वि०स० |
| 3. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह | स०वि०स० |
| 4. श्री गोपाल रविदास | स०वि०स० |
| 5. श्री उमाकांत सिंह | स०वि०स० |
| 6. श्री निशान्त प्रशांत | स०वि०स० |
| 7. श्री देवेश कान्त सिंह | स०वि०स० |
| 8. श्री इं० शशि भूषण सिंह | स०वि०स० |

## सभा सचिवालय के पदाधिकारियों/कर्मचारियों की सूची--

| | |
|---|---|
| 1. श्रीमती ख्याति सिंह | प्रभारी सचिव |
| 2. श्रीमती पूनम सिन्हा | उप सचिव |
| 3. श्री शिव शंकर प्रसाद | अवर सचिव |
| 4. श्री राजीव रंजन कुमार | प्रशाखा पदाधिकारी |
| 5. श्री शक्ति कुमार प्रसाद | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 6. श्री राजीव रंजन III | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 7. श्रीमती सुषमा | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 8. श्री रामबाबू सिंह | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 9. श्री रवि शंकर | डाटा इंट्री ऑपरेटर |

दिनांक 18 जुलाई, 2025 को राजकीय आश्वासन समिति की हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्यान्वित आश्वासनों की सूची

| क्रम सं० | आश्वासन सं० |
|---|---|
| 1 | 541/11 |
| 2 | 982/19 |
| 3 | 197/21 |
| 4 | 1155/21 |
| 5 | 1156/21 |
| 6 | 264/22 |
| 7 | 298/22 |
| 8 | 318/22 |
| 9 | 338/22 |
| 10 | 822/22 |
| 11 | 908/22 |
| 12 | 1565/22 |
| 13 | 2690/22 |
| 14 | 2713/22 |
| 15 | 2724/22 |
| 16 | 351/23 |

# प्रतिवेदन

## स्वास्थ्य विभाग

---

### आश्वासन संख्या 541/11

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1430 (द-144), दिनांक 18 मार्च, 2011 को (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्रीमती रंजु गीता, स०वि०स० ।

**विषय**—सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी के प्रा० स्वा० केन्द्र में चिकित्सक, दवा एवं चिकित्सा सुविधा की कमी को दूर करने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**श्रीमती रंजू गीता, (मंत्री)**—अध्यक्ष महोदय, मैं चाहती हूँ कि वहां पर जो प्रभारी है वे नियमित रूप से रहे और सारी सुविधा जनहित को जन स्वास्थ्य को मिले और कबतक उपलब्ध होगी प्रभारी वहां पर निश्चित रूप से रहे और वहां पर दवा उपलब्ध हो।

**श्री अश्विनी कुमार चौबे, (मंत्री)**—महोदय, श्रीमती रंजू जी ने जो बात कही है महोदय, मैंने पहले कहा कि वहां कार्यरत है, प्राथमिक स्वा० केन्द्र, भली भांति वहां चल रहा है कुत्ता और सियार काटने की दवाई भी हाल में भेजी गयी है महोदय, मैंने इसका परीक्षण किया है फिर भी अगर कोई कमी रहेगी तो रंजू गीता जी के इन सवालों पर जरूर निश्चित रूप से ध्यान देकर गंभीरता से पूरा करेंगे।

**अध्यक्ष**—माननीय सदस्य का कहना है कि डॉक्टर वहां नहीं रहते हैं।

**श्री अश्विनी कुमार चौबे, (मंत्री)**—महोदय, डॉक्टर वहां जाते है और हाजरी उनकी वहां बनती है अगर किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं आने की मिल जायेगी तो ऐसे डॉक्टर पर हम कार्रवाई भी करेंगे महोदय।

**अध्यक्ष**—आप इसको देखवा लीजिये।

(ज्ञाप संख्या 541 वि०स०, पटना, दिनांक 4 मई, 2011 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 541, दिनांक 4 मई, 2011 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 52 (12), दिनांक 27 जनवरी, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-1 पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 982/19

### प्रसंग एवं विषय

अनागत तारांकित प्रश्न संख्या (द-27) षोडश बिहार विधान सभा के त्रयोदश-सत्र में दिनांक 19 जुलाई, 2019 को सदन पटल पर रखे गये तृतीय एवं चतुर्थ सत्र के प्रश्नोत्तरों की (मुद्रित पुस्तिका से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्रीमती अमिता भूषण, स०वि०स० ।

**विषय**—(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला में अवस्थित अयोध्या शिवकुमारी, आयुर्वेदिक महाविद्यालय में कर्मियों और तकनीशियनों की कमी की वजह से महाविद्यालय में रोगियों की भर्ती नहीं होती है जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में कर्मियों की भर्ती कराने का विचार रखती है ?

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**—(1) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। अयोध्या शिवकुमारी, आयुर्वेदिक महाविद्यालय अस्पताल, बेगूसराय में लगभग दो सौ रोगियों की चिकित्सा प्रतिदिन होती है।

(2) कर्मियों की कमी को प्राथमिकता के अनुसार दूर कर दिया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 982-वि०स०, पटना, दिनांक 19 नवम्बर, 2019 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 982, दिनांक 19 नवम्बर, 2019 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 302 (आ०चि०), दिनांक 04 मार्च, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-II पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 197/21

### प्रसंग एवं विषय

अल्पसूचित प्रश्न संख्या 17 (अ०सू०-09) दिनांक 26 फरवरी, 2021 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री ललित कुमार यादव, स०वि०स० ।

**विषय** (1) राज्य में सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में एम०बी०बी०एस० डिग्रीधारी हेतु Junior Resident का पद स्वीकृत है लेकिन B.D.S. डिग्रीधारी हेतु J.R. का पद स्वीकृत नहीं है ;

(2) B.D.S. डिग्रीधारी हेतु J.R. का पद नहीं रहने से दन्त चिकित्सक का लाभ आम जनता नहीं ले पा रहा है ;

(3) राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में B.D.S. डिग्रीधारी हेतु J.R. का पद स्वीकृत करने के संबंध में।

**सरकारी आश्वासन**

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)** महोदय, (1), (2) एवं (3) आंशिक स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में B.D.S. से उच्चतर योग्यता M.D.S. डिग्रीधारी सीनियर रेजिडेंट (S.R.) सहायक प्राध्यापक-सह-प्राध्यापक एवं प्राध्यापक डेंटिस्ट्री का पद स्वीकृत है, जिसके माध्यम से दन्त चिकित्सा का लाभ आम जनता को प्राप्त हो रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि नेशनल मेडिकल कमीशन (NMC) के अद्यतन दिशा-निर्देश के अनुसार चिकित्सा महाविद्यालयों में जूनियर रेजिडेंट (J.R.) का पद अनिवार्य नहीं है।

**श्री ललित कुमार यादव**--महोदय, सभी मेडिकल कॉलेज में MBBS के लिये जूनियर रेजिडेंट का पद होता है जबकि मेडिकल कॉलेज में भी सहायक प्राध्यापक-सह-प्राध्यापक होते हैं, तो B.D.S. छात्र के लियें J.R. का पद क्यों नहीं ? जहां तक सवाल नेशनल मेडिकल कमीशन (NMC) का सवाल है, NMC का कहना यह नहीं है कि अनिवार्य या अनिवार्य नहीं है। लेकिन पद नहीं रहने के कारण J.R. का B.D.S. वाले के लिये भी स्वीकृत किया जाये। NMC यह नहीं कहता है कि अनिवार्य है या अनिवार्य नहीं है, आप दे सकते हैं, नहीं, दे सकते हैं ।

**अध्यक्ष**--पूरक प्रश्न आपका क्या है ?

**श्री ललित कुमार यादव**--J.R. का पद मेडिकल कॉलेज में जैसे है, उसी तरह से B.D.S. महाविद्यालय में भी करना चाहते हैं या नहीं ?

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--महोदय, मैंने जवाब में स्पष्ट किया है कि नेशनल मेडिकल कमीशन के अद्यतन दिशा-निर्देश के अनुसार चिकित्सा महाविद्यालयों में जूनियर रेजिडेंट का पद अनिवार्य नहीं है, फिर भी माननीय सदस्य ने सुझाव दिया है तो हम विचार कर लेंगे।

(ज्ञाप संख्या 197 वि०स०, पटना, दिनांक 03 अगस्त, 2021 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 197, दिनांक 03 नवम्बर, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1231 (17), दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट III पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

आश्वासन संख्या 1155/21

प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 2626 (द 232) दिनांक 19 मार्च, 2021 की (कार्यवाही से)।

**प्रश्नकर्ता**—श्री महबूब आलम, स०वि०स०।

**विषय**—(1) पटना स्थित पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल में संविदा पर नियुक्त दंत चिकित्सक शिक्षकों के मानदेय का निर्धारण विभागीय ज्ञापांक 435 (17), दिनांक 21 जुलाई, 2017 को निर्धारित किया गया था। जिसमें वार्षिक वृद्धि पर निर्णय अलग से लेने की बात कही गयी थी। लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी वार्षिक मानदेय वृद्धि पर निर्णय नहीं लिया जा सका है ;

(2) बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के उच्चस्तरीय कमिटी (चौधरी कमिटी) के अनुशंसाओं में भी वार्षिक मानदेय वृद्धि का प्रावधान है ;

(3) तो पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल में संविदा पर नियुक्त उक्त कर्मियों का मानदेय का वार्षिक वृद्धि करने के संबंध में।

सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)** महोदय, मैं बता देता हूँ, महबूब साहब।

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि सामान्य प्रशासन विभाग के अद्यतन प्रावधान के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या 325 (17), दिनांक 15 मार्च, 2021 के द्वारा संविदागत दंत चिकित्सकों के लिये चौधरी कमिटी की अनुशंसा लागू की जा चुकी है। वार्षिक वेतन वृद्धि भी प्रक्रिया पूर्ण करते हुये एक माह में लागू कर दी जायेगी।

**श्री महबूब आलम** महोदय, मेरा पूरक है। वार्षिक वृद्धि दर को बढ़ाने का जो निर्णय सरकार ने लिया है मेरा एक पूरक है कि एरियर के साथ भुगतान करने का सरकार इरादा रखती है कि नहीं।

**अध्यक्ष** माननीय मंत्री।

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)** महोदय, जो अनुशंसा चौधरी कमिटी की लागू हुयी है उसके आलोक में चौधरी कमिटी की जो अनुशंसा होगी उस अनुशंसा का पूर्णतः पालन किया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 1155-वि०स०, पटना, दिनांक 02 सितम्बर, 2021 ई०)।

समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1155, दिनांक 02 सितम्बर, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था। स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 753 (17), दिनांक 09 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट IV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

----------

### आश्वासन संख्या 1156/21

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 2627 (द-333), दिनांक 19 मार्च, 2021 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री मनोज मंजिल, स०वि०स० ।

**विषय**: (1) भोजपुर जिलान्तर्गत स्थित आरा सदर अस्पताल में मात्र एक ऑपरेशन थियेटर है तथा अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं और आधारभूत संरचनाओं का अभाव है ;

(2) आरा सदर अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में मात्र एक लैंप है तथा इमरजेंसी में ECG की व्यवस्था भी नहीं है ;

(3) तो अस्पताल में अतिरिक्त ऑपरेशन थियेटर बनाने, मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने तथा इमरजेंसी वार्ड ECG की व्यवस्था करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**—अध्यक्ष महोदय, (1) उत्तर अस्वीकारात्मक है। सदर अस्पताल, आरा में वर्तमान में दो ऑपरेशन थियेटर हैं, एक सामान्य ऑपरेशन थियेटर तथा दूसरा परिवार कल्याण का ऑपरेशन थियेटर। सदर अस्पताल के पुराने भवन को तोड़कर मॉडल अस्पताल बनाया जा रहा है।

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक है। सदर अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में ओ०टी० लैंप तथा इमरजेंसी लैंप उपलब्ध है। इमरजेंसी में कार्डिक मॉनिटर एवं ई०सी०जी० की सुविधा उपलब्ध है।

(3) उपर्युक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

श्री मनोज मंजिल महोदय, लेकिन यह जवाब फर्जी है।

अध्यक्ष क्या ?

**श्री मनोज मंजिल**—महोदय, ऑपरेशन थियेटर, मैं आपको बता दूं कि दो ऑपरेशन थियेटर वहां नहीं है, एक है ऑपरेशन थियेटर जिसमें डिलीवरी होती है ऑपरेशन से, गोली लगा उसी में, हर्निया का उसी में, किडनी, पीत की थैली का, स्टोन का ऑपरेशन उसी में, हड्डी का ऑपरेशन उसी में, हाइड्रोसिल का भी और एक तरफ उसी में महिला अर्द्धनग्न अवस्था में, नग्न अवस्था में पड़ी रहती है और उसी में पुरूष अर्द्धनग्न अवस्था में और नग्न अवस्था में पड़े रहते हैं। यह मेरा सवाल है और वहां पर मेरी फोटो है, यह जो आप बोले हैं कि ओ०टी० लाइट है वहां ओ०टी० लाइट नहीं है, यहां सदन में जैसा बल्ब है न, वैसा भी बल्ब वहां पर नहीं है। महोदय, एक साधारण सा बल्ब लटका हुआ है नंगी तार में और इसलिये वहां बुनियादी सुविधा का अभाव है और यह जो आपका जवाब है मंत्री महोदय कि सेकेंड ऑपरेशन थियेटर है वह है केवल........

**अध्यक्ष**  चलिये, आपका सुझाव है ठीक है।

**श्री मनोज मंजिल**--और इमरजेंसी में वहां पर कार्डियेक मॉनिटर भी नहीं है महोदय, इमरजेंसी में कार्डियेक मॉनिटर और ई०सी०जी० मशीन भी नहीं है और जवाब दिया गया है कि है तो हम चाहेंगे कि आप समिति बनाकर इसको जाँच करवा लीजिये।

**अध्यक्ष**--माननीय मंत्री।

**श्री मंगल पाण्डेय, ( मंत्री )**--मैं इसको दिखवा लेता हूँ महोदय।

(ज्ञाप संख्या 1156-वि०स०, पटना, दिनांक 02 सितम्बर, 2021 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1156, दिनांक 02 सितम्बर, 2021 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 970 (12), दिनांक 05 नवम्बर, 2021 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट V पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

----------

**आश्वासन संख्या 264/22**

**प्रसंग एवं विषय**

अल्पसूचित प्रश्न संख्या 23 (अ०सू०-06) दिनांक 04 मार्च, 2022 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**--श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स० ।

**विषय**--स्थानीय समाचार पत्र में दिनांक 10 फरवरी, 2022 को प्रकाशित शीर्षक "अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, 500 है तैनाती के इंतजार में" के आलोक में

(1) राज्य में विगत वर्ष अगस्त, 2021 में ह अलग-अलग तिथियों को पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई समाप्त कर चुके पाँच सौ से अधिक चिकित्सकों का स्वास्थ्य विभाग के नियमों के तहत पी०जी० चिकित्सकों की बंध पत्र आधारित अनिवार्य विभिन्न सरकारी अस्पतालों में पदस्थापित करने की प्रक्रिया लम्बित पड़ी हुयी है ;

(2) तो उक्त चिकित्सकों को राज्य के सरकारी अस्पतालों में पदस्थापित करने के संबंध में।

**सरकारी आश्वासन**

**श्री मंगल पाण्डेय, ( मंत्री )**  अध्यक्ष महोदय, (1) अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि विभागीय संकल्प संख्या 450 (1), दिनाक 15 अप्रील, 2017 के अनुसार राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों से पी०जी०/डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों से बॉण्ड के तहत तीन वर्ष की अनिवार्य सेवा लिया जाना है ।

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा पी०जी०/डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का परीक्षाफल माह दिसम्बर, 2021 में प्रकाशित किया गया ।

तदालोक में 312 पी०जी०/डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों को विभागीय आदेश संख्या 80 (17), दिनांक 23 फरवरी, 2022 द्वारा राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में आवंटित किया गया है। शेष 138 चिकित्सकों के संस्थान आवंटन प्रक्रियागत है।

(2) उपर्युक्त खंड में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

**अध्यक्ष** उत्तर मुद्रित है, पूरक पूछिये और पूरक संक्षिप्त में पूछिये। भूमिका में बहुत समय जाता है।

**श्री अरूण शंकर प्रसाद** एकदम संक्षिप्त में पूछ रहे हैं। महोदय, मेरे प्रश्न के उत्तर में इसे अस्वीकारात्मक माना गया है। मेरा मानना है कि कहीं से भी यह प्रश्न अस्वीकारात्मक नहीं है। माननीय मंत्री जी संवेदनशील हैं परंतु विभाग ने इसको अस्वीकारात्मक क्यों लिखा है जबकि जो प्रश्न में है उसी का उत्तर भी है और उत्तर स्पष्ट भी है लेकिन माननीय मंत्री जी से मैं जानना चाहता हूँ महोदय कि जब 14 फरवरी को मैंने प्रश्न दिया, 23 फरवरी को इन्होंने 312 पी०जी० डिप्लोमाधारियों को विभिन्न चिकित्सा संस्थानों को आवंटित कर दिया। 138 जो शेष उसमें बच गये हैं उसका माननीय मंत्री जी कह रहे हैं कि प्रक्रियागत है तो यह प्रक्रिया कबतक समाप्त हो जायेगी, कबतक उसको चिकित्सा संस्थान मिल जायेगा क्योंकि मैंने प्रश्न में डाला था कि अगस्त में परीक्षा हो गया, माननीय मंत्री जी ने स्वीकार किया और कहा कि दिसम्बर, 2021 को परीक्षाफल प्रकाशित हुआ। तदानुसार 312 छात्रों को 23 फरवरी, के पत्र के माध्यम से चिकित्सा संस्थान एलॉट हुआ तो 138 क्यों बच गया ? किन कारणों से शेष 138 बच गया और दूसरा, मेरा प्रश्न है इसी के साथ कि क्या उन छात्रों को जो मेरे प्रश्न में है उसको अमिट कर दिया गया है उसका उत्तर नहीं आया है कि वह छात्र परीक्षा के साथ ही अपने छात्रवृत्ति से वंचित हो गया और वह जो तीन महीने लगभग, बाकी अगस्त से लेकर अभीतक चार-पाँच महीने का जो उसकी छात्रवृत्ति की राशि है क्या उन छात्रों को मिलेगा ?

**अध्यक्ष** -माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग।

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)** महोदय, मैंने अपने जवाब में हर चीज को बहुत स्पष्टता से लिखा है। 312 लोगों की नियुक्ति हुयी, परीक्षा अगस्त में हुआ, परिणाम आया है दिसम्बर में, तो परिणाम आने के बाद ही नियुक्ति होगी न और नियुक्ति 312 करने के बाद 138 बचे हुये हैं यह जो पी०जी० की डिग्री प्राप्त करते हैं इसमें दो तरह के लोग होते हैं, स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र के लोग होते हैं और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लोग होते हैं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लोगों का जब पदस्थापन किया जाता है तो उसकी प्रक्रिया भी अलग से अपनाई जाती है जो प्रक्रियाधीन है और अगले 15 दिनों में इनलोगों की भी नियुक्ति कर दी जायेगी। जो उन्होंने तीन महीना का विषय उठाया है उसको मैं दिखवा लेते हैं।

(ज्ञाप संख्या 264 वि०स०, पटना, दिनांक 29 अप्रील, 2022 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 264, दिनांक 29 अप्रील, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित

आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1070 (17), दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

**आश्वासन संख्या 298/22**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 519 (द 89) दिनांक 04 मार्च, 2022 को (सदन पटल से)।

**प्रश्नकर्ता**- श्री सिद्धार्थ सौरव, स०वि०स० ।

**विषय**—क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा कोरोना से हुये मृत्यु के पश्चात् आश्रित परिवारों को मुआवजा की राशि देने का प्रावधान किया गया है परन्तु पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखंड स्थित ग्राम-छोटी टेंगरैला, पोस्ट-अमरपुरा की लालशा देवी, पति-श्री राजू शर्मा की मृत्यु दिनांक 05 नवम्बर, 2020 को IGIMS अस्पताल, शेखपुरा में एवं पंचायत सावरचक, ग्राम-अकबरपुर के काशीनाथ, पिता-स्वर्गीय बसगीत भगत की मृत्यु दिनांक 2 मई, 2021 को एवं बिहटा प्रखंड स्थित पंचायत लई, ग्राम-बभनलई के अजीत कुमार, पिता-श्री रमेश प्रसाद की मृत्यु दिनांक 10 मई, 2021 को सिविल अस्पताल, हिसार, हरियाणा में कोरोना से संक्रमित होने के कारण हो गया है, जिसका सत्यापन अंचलाधिकारी, सिविल सर्जन एवं राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा किये जाने के बावजूद आजतक उक्त आश्रित परिवारों को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रितों को मुआवजा की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

**सरकारी आश्वासन**

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**- स्वीकारात्मक है। प्रश्नगत मामले में स्व० लालशा देवी, पति-राजू शर्मा ग्राम छोटी टेंगरैला, पोस्ट अमरपुरा, प्रखंड-नौबतपुर पटना एवं स्व० काशीनाथ पिता-स्व० बसगीत भगत पंचायत-सावरचक, ग्राम अकबरपुर के निकटतम परिजन को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान सत्यापनोपरांत 15 दिनों के अन्दर कर दिया जायेगा।

स्व० अजीत कुमार की मृत्यु राज्य से बाहर (हिसार) (हरियाणा) में हुयी है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा याचिका सं० 554/2021 में दिये गये न्यायादेश के आलोक में गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक 3304/2020 NDAI, दिनांक 25 सितम्बर, 2021 के द्वारा राज्य आपदा राहत कोष (SDRF) के Terms & norms के अन्तर्गत उनके निकटतम परिजन को अनुग्रह अनुदान हरियाणा सरकार के द्वारा देय है। इसके लिये स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली से पत्रांक 164(11), दिनांक 3

मार्च, 2022 द्वारा समन्वय स्थापित कर अग्रेतर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

(ज्ञाप संख्या 298-वि०स०, पटना, दिनांक 29 अप्रील, 2022 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 298, दिनांक 29 अप्रील, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1124 (12), दिनांक 21 जुलाई, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

**आश्वासन संख्या 318/22**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 557 (द-08) दिनांक 04 मार्च, 2022 को (सदन पटल) से ।

**प्रश्नकर्ता**— श्री गोपाल रविदास, स०वि०स० ।

**विषय** (1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक 958 (4), दिनांक 31 मई, 2013 द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधीन कार्यालयों में कार्यरत लिपिकों का प्रत्येक तीन वर्ष पर स्थानांतरण करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 01/लो०स्था०) 22/2011, श्री अजय कुमार यादव बनाम सिविल सर्जन, सारण के वाद में माननीय लोकायुक्त, बिहार के द्वारा भी स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत लिपिकों का प्रत्येक तीन वर्ष पर स्थानांतरण करने का आदेश दिया गया है, किन्तु उपरोक्त आदेशों के बाद भी श्री आदित्य ज्योति श्रीवास्तव, लिपिक, श्री कौशलेन्द्र कुमार, लिपिक एवं अन्य कर्मी आर०डी०डी० कार्यालय, पटना में विगत पाँच सालों से अधिक समय से कार्यरत हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित कर्मियों का अन्यत्र स्थानांतरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**सरकारी आश्वासन**

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) आंशिक स्वीकारात्मक। आगामी माह जून, 2022 में तीन वर्ष से अधिक अवधि तक एक ही संस्थान में पदस्थापित लिपिकों का स्थानांतरण सक्षम प्राधिकार द्वारा किया जायेगा।

(3) उपर्युक्त कंडिकाओं में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

(ज्ञाप संख्या 318-वि०स०, पटना, दिनांक 29 अप्रील, 2022 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 318, दिनांक 29 अप्रील, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1459 (4), दिनांक 03 अक्टूबर, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते-हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 338/22

## प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 592 (द-112) दिनांक 04 मार्च, 2022 को (सदन पटल) से ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री कृष्ण कुमार ऋषि, स०वि०स० ।

**विषय**—(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बनमनखी अनुमंडल में ए०एन०एम० स्कूल सह-छात्रावास भवन बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्कूल-सह-छात्रावास भवन का उद्घाटन नहीं होने के कारण सत्र का समय पर संचालन नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त भवन का उदघाटन कर सत्र का समय पर संचालन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सरकारी आश्वासन

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)** (1) स्वीकारात्मक है। ए०एन०एम० स्कूल बनमनखी पूर्णियां को 30 सीटों पर नामांकन हेतु मान्यता प्राप्त है। संस्थान के संचालन हेतु 03 ट्यूटर 01 लिपिक तथा एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी पदस्थापित/प्रतिनियुक्त है।

(2) कोरोना की गंभीर स्थिति को देखते हुये उक्त स्कूल-सह-छात्रावास भवन को आईसोलेशन सेंटर बनाया गया है। चूँकि अब कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। अत: उक्त स्कूल का विधिवत उदघाटन कर सत्र का संचालन प्रारंभ किया जायेगा।

(3) उपर्युक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

(ज्ञाप संख्या 338-वि०स०, पटना, दिनांक 29 अप्रील, 2022 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 338, दिनांक 29 अप्रील, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 618 (6), दिनांक 08 जुलाई, 2022 के द्वारा

कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट IX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

----------

**आश्वासन संख्या 822/22**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 1541 (द-67) दिनांक 11 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्त्ता**—श्री अमरजीत कुशवाहा, स०वि०स० ।

**विषय**—क्या यह बात सही है कि राज्य के एलोपैथिक चिकित्सकों के समान ही आयुर्वेदिक चिकित्सकों का मानदेय देने का सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है, परन्तु अद्यतन आयुर्वेदिक चिकित्सकों को मानदेय का भुगतान नहीं होता है, तो क्या सरकार एलोपैथिक चिकित्सकों के समान ही आयुर्वेदिक चिकित्सकों का मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

**सरकारी आश्वासन**

**श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री)**—वस्तुस्थिति यह है कि आयुर्वेद प्रक्षेत्र के अन्तर्गत एन०आर०एच०एम० के तहत नियोजित आर०बी०एस०के० चिकित्सकों को 21,000 (इक्कीस हजार) एवं मेन स्ट्रीम के तहत नियोजित चिकित्सकों को रु० 30,000 (तीस हजार) मानदेय निर्धारित था जिसे विभागीय आदेश ज्ञापांक 1577 (आ०चि०), दिनांक 07 दिसम्बर, 2018 द्वारा बढ़ाकर एलोपैथ प्रक्षेत्र के समान 44,000 (चौवालिस हजार) किया गया है। ये संविदागत नियोजन केन्द्र प्रायोजित योजना के तहत है। मानदेय वृद्धि की राशि राज्य सरकार द्वारा टॉप अप फंड के रूप में दी जा रही है। आयुष चिकित्सकों की नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

(ज्ञाप संख्या 822 वि०स०, पटना, दिनांक 23 जून, 2022 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 822, दिनांक 23 जून, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 786 (आ०चि०), दिनांक 18 अगस्त, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट X पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 908/22

### प्रसंग एवं विषय

सर्वश्री अरूण शंकर प्रसाद, अनिरूद्ध प्रसाद यादव एवं अन्य तीन सभासदों की ध्यानाकर्षण सूचना तथा उसपर सरकार की ओर से वक्तव्य दिनांक 14 मार्च, 2022 को (कार्यवाही से)।

**विषय**—राज्य सरकार ने खाद्य सामग्रियों में मिलावट की जाँच हेतु 10 करोड़ की लागत से अगमकुआं संयुक्त औषधि एवं खाद्य प्रयोगशाला में तीन आधुनिक मशीनें 6 माह पूर्व लगायी थी। छोटे सहायक उपकरणों की खरीद नहीं होने से तीनों मशीन बेकार पड़ी हुयी है। उक्त मशीनों के द्वारा खाद्य सामग्रियों में कीटनाशक रसायन, लौह व भारी धातु एवं पशु उत्पाद संबंधी मिलावट की जाँच मिनटों में हो जाती है। तीनों स्वचालित मशीनों से मिलावट की कम्प्यूटराइज्ड रिपोर्ट भी प्राप्त हो जाती है। मशीन में एक साल तक रिपोर्ट सुरक्षित रहता है। सहायक उपकरणों के अभाव से मिलावट की जाँच के लिये एकत्र सैंपल को कोलकाता भेजा जाता है। रिपोर्ट आते-आते एक से दो माह का समय लग जाता है जिस कारण कार्रवाई का औचित्य समाप्त हो जाता है एवं मिलावटी खाद्य पदार्थ का बाजार में प्रचलन बढ़ जाता है।

अतः उक्त बेकार पड़े मशीनों को चालू करवाने तथा खाद्य सामग्रियों की जाँच की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं।

### सरकारी आश्वासन

**श्री विजय कुमार चौधरी, (मंत्री)**-महोदय, वस्तुस्थिति यह है कि सरकार जन-जन तक सुरक्षित खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कृतसंकल्पित है। इसी क्रम में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली, भारत सरकार के द्वारा केन्द्रीय योजना अन्तर्गत प्राप्त राशि से राज्य सरकार द्वारा संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला अगमकुआं, पटना अन्तर्गत लगभग 5 करोड़ 67 लाख रुपये की राशि से तीन उच्चस्तरीय उपकरणों यथा गैस क्रोमेटोग्राफी मास स्पेक्ट्रोमेट्री, लिक्विड क्रोमेटोग्राफी मास स्पेक्ट्रोमेट्री और आइंडोटिकली कपिल प्लाजमा मास स्पेक्ट्रोमेट्री का अधिष्ठापन कराया गया है। शेष राशि लगभग 1 करोड़ 89 लाख मानव बल पर खर्च हेतु एवं लगभग 1 करोड़ 26 लाख उच्चस्तरीय मशीनों के रख-रखाव हेतु उपलब्ध करायी गयी है। यह जी०सी०-एम०एस०/एम०एस० की सहायता से खाद्य पदार्थों में पेस्टीसाइड व वसा की मात्रा एल०सी०/एम०एस०/एम०एस० की सहायता से खाद्य पदार्थों में एंटी बॉयोटिक, माइक्रो टॉक्सिन, रंजक इत्यादि की मात्रा तथा आई०सी०पी०एम०एस० की सहायता से खाद्य पदार्थों में लेड, कैडमियम इत्यादि जैसे भारी धातुओं की जाँच की जाती है। राज्य सरकार उक्त उपकरणों के सफल संचालन हेतु आवश्यक कदम उठाती रहती है। उक्त उपकरणों के संचालन हेतु आवश्यकतानुरूप भवन के आधारभूत संरचना में सुधार, भवन का जीर्णोद्धार, प्रयोगशाला परिसर में उच्च क्षमता के ट्रांसफॉर्मर का अधिष्ठापन आदि कराया गया है। उक्त उपकरणों के संचालन हेतु आवश्यकतानुरूप अनुभव प्राप्त तकनीकी मानव बलों की व्यवस्था भी की जा चुकी है। महोदय, राज्य की संयुक्त खाद्य औषधि प्रयोगशाला, अगमकुआं को एन०ए०बी०एल० यानी नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एण्ड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज से मान्यता प्राप्त कराने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, शीघ्र ही एन०ए०बी०एल० से मान्यता प्राप्त हो

जायेगी। महोदय, यहां यह भी अवगत कराना चाहते हैं कि यह भी निर्णय लिया गया है कि सभी प्रमंडलीय मुख्यालयों में भी खाद्य पदार्थों के नमूनों की जाँच हेतु खाद्य प्रयोगशाला स्थापित किया जायेगा। साथ ही, संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुआं, पटना में माइक्रोबॉयोलॉजी लैब की स्थापना का भी प्रयास किया जा रहा है, जिससे खाद्य पदार्थों में जीवाणु एवं कवक जैसे स्वास्थ्य के लिये हानिकारण सूक्ष्मजीवियों का भी पता लगाया जा सके। इस प्रकार राज्य सरकार का यह प्रयास है कि संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुआं, पटना को विश्वस्तरीय खाद्य प्रयोगशाला के रूप में विकसित किया जाये एवं राज्य में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आधारभूत संरचना सुदृढ़ हो।

**श्री अरूण शंकर प्रसाद**--अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्रीजी से जानना चाहता हूँ कि एफ०एस०एस०ए०आई० द्वारा 10 करोड़ की राशि इसके अधिष्ठापन के लिये दिया गया, लेकिन तीन छोटी छोटी मशीन नहीं लगने के कारण अभीतक यह फंक्शनिंग नहीं हुआ और बिहार में दूसरी कोई भी मिलावटी खाद्य पदार्थों की जाँच हेतु कोई ऐसा सयंत्र नहीं है जहां हम मिलावट की जाँच करें। अभी वर्तमान में जो मिलावटी सैंपल लिये जाते हैं विभागीय अधिकारियों द्वारा, खासकर त्यौहार के उत्सव में अत्यधिक मात्रा में सैंपल कलेक्ट किया जाता है, लेकिन उसकी जाँच कहां होती है ? यह तो कोलकाता के अलावे नजदीक में कहीं नहीं है और अगल कोलकाता से जाँच करायी जाती है, तो वहां से आये हुये सैंपल पर आजतक कितनों पर विभाग द्वारा कार्रवाई की गयी, यह मैं जानना चाहता हूँ।

**अध्यक्ष**--माननीय मंत्री जी।

**श्री विजय कुमार चौधरी, (मंत्री)**--महोदय, माननीय सदस्य इस मायने में एक हद तक सही कह रहे हैं कि इसको क्रियान्वित करने में थोड़ी देर हुयी है और देर होने का भी कारण है। महोदय, कारण यह है कि प्रथम बार जो निविदा हुयी वह सफल नहीं हो पायी और द्वितीय निविदा के बाद यह काम कर दिया गया है। महोदय, अगले 45 दिनों में इन सहायक उपकरणों की आपूर्ति हो जायेगी और इसके उपरांत उन तीनों उच्चस्तरीय मशीनों से खाद्य पदार्थों की जाँच शुरू कर दी जायेगी। खाद्य प्रयोगशाला के उन्नयनीकरण हेतु वॉटर बाथ, हॉट एयर ओवेन, एन्क्यूबेटर मफलफर्नेस, रैपटर, वेयिंग बायलेंस इत्यादि उपकरणों की अधिप्राप्ति कर ली गयी है जिससे खाद्य पदार्थों के नमूनों की जाँच करायी जा रही है।

**श्री अरूण शंकर प्रसाद**--माननीय मंत्री जी ने स्पष्ट बताया है कि 45 दिन कम-से-कम अभी और लगेगा और होली का अवसर है, त्यौहार का समय है, मिलावटी मिठाई और खाद्य पदार्थ स्वाभाविक है बाजार में उपलब्ध होगा, अभी वे इन 45 दिनों में जाँच कराने की क्या व्यवस्था करने वाले हैं, खाद्य सुरक्षा के लिये ?

**अध्यक्ष**--माननीय मंत्री जी।

**श्री विजय कुमार चौधरी, (मंत्री)**--महोदय, इसमें जो व्यवस्था चल रही है और माननीय सदस्य ने खुद कहा है कि जब यहां व्यवस्था नहीं है, हमलोग सबकुछ इंस्टॉल कर रहे हैं, अधिष्ठापित कर रहे हैं, इसमें 40-45 दिन लग रहा है और जो कह रहे हैं 10 करोड़ मिला, तो महोदय, उसका हमने हिसाब भी बता दिया है। करीब पौने 6 करोड़ से तीन-तीन मशीनें मंगाई गयी है, बाकी लेबोरेटरी का, भवन का

इंप्रूवमेंट था वह सब काम कराया गया है । जब सरकार इतनी प्रयत्नशील है और हम टाईम लाइन बता रहे हैं कि अगले 45 दिनों में जाँच नहीं की जा सकती थी वह करने की स्थिति में हम आ जायेंगे।

(ज्ञाप संख्या 908-वि०स०, पटना, दिनांक 23 जून, 2022 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 908, दिनांक 23 जून, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 241 (खाद्य), दिनांक 14 अगस्त, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

----------

**आश्वासन संख्या 1565/22**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 3182 (द-247) दिनांक 26 मार्च, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—डॉ० संजीव कुमार, स०वि०स० ।

**विषय**—(1) क्या यह बात सही है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार एन०आई०ओ०एस० के तहत बायोलॉजी 10+2 के छात्रों के लिये डी०एम०आई०टी० (डिप्लोमा इन मेडिकल इमेजिंग टेक्नोलॉजी) और डी०एम०एल०टी० (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी) का दो वर्षीय व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन०आई०ओ०एस० के तहत डी०एम०आई०टी० और डी०एम०एल०टी० के दो वर्षीय पाठ्यक्रमों की मान्यता संपूर्ण भारतवर्ष में है परंतु बिहार राज्य के स्वास्थ्य विभाग से निकलने वाली रिक्तियों में मान्यता नहीं दी जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार में उक्त व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को मान्यता नहीं मिलने से बिहार के हजारों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को एन०आई०ओ०एस० के तहत बायोलॉजी 10+2 के छात्रों के लिये डी०एम०आई०टी० और डी०एम०एल०टी० के दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम को सरकारी नौकरी में मान्यता देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**सरकारी आश्वासन**

श्री मंगल पाण्डेय, (मंत्री) (1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) अस्वीकारात्मक ।

(4) इस संबंध में स्थिति यह है कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) के माध्यम से DMIT एवं DMLT के दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम को राज्य सरकार की सेवा में मान्यता देने के बिन्दु पर अपेक्षित तकनीकी सुझाव/मंतव्य हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित है। एक माह में समिति का मंतव्य प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जायेगी।

(ज्ञाप संख्या 1565-वि०स०, पटना, दिनांक 18 जुलाई, 2022 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1565, दिनांक 18 जुलाई, 2022 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 1831 (4), दिनांक 11 दिसम्बर, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट XII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

----------

**आश्वासन संख्या 2690/22**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 397 (द 47), दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री सूर्यकान्त पासवान, स०वि०स० ।

**विषय**—(1) क्या यह बात सही है कि आयुर्वेदिक महाविद्यालय, बेगूसराय में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शिक्षकों के रिक्त पदों पर बहाली नहीं होने के कारण उक्त महाविद्यालय की वर्ष 2019 में मान्यता रद्द कर दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने उक्त महाविद्यालय में सभी पदों पर रिक्ति का विज्ञापन अभीतक नहीं निकाला है, जिससे सैकड़ों छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त महाविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति करने एवं नामांकन पर लगी रोक के आदेश को स्थगित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

**सरकारी आश्वासन**

**श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, (उप मुख्यमंत्री)**- उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि बिहार के चार आयुर्वेदिक महाविद्यालय में शिक्षण कार्य 2007 से बंद था। राज्य सरकार के प्रयास से

बेगूसराय आयुर्वेदिक महाविद्यालय को 2019 में भारत सरकार से मान्यता प्राप्त हुयी और शिक्षण कार्य प्रारंभ हुआ है। सत्र 2022-23 में नामांकन पर रोक लगायी गयी है। राज्य के आयुर्वेदिक महाविद्यालयों के कुल 87 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति हेतु अधियाचना (मांग-पत्र) बिहार लोक सेवा आयोग को भेजी गयी है। उच्चतर संकाय में संविदा के आधार पर नियोजन की भी कार्रवाई की जा रही है। नामांकन पर लगी रोक को हटाने हेतु NCISM से पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है तथा प्रतिवेदित कर्मियों को पूरा करने हेतु वचनबद्धता दी गयी है।

(ज्ञाप संख्या 2690-वि०स०, पटना, दिनांक 17 अप्रील, 2023 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 2690, दिनांक 17 अप्रील, 2023 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 784 (आ०चि०), दिनांक 18 अगस्त, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

**आश्वासन संख्या 2713/22**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 444 (द 41), दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता** –डॉ० सी०एन० गुप्ता, स०वि०स० ।

**विषय**—(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 में राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी किया गया है किसी भी सूरत में एक चिकित्सक को दो पद की जिम्मेवारी नहीं दिया जायेगा और मेडिकल कॉउंसिल ऑफ इंडिया का भी एक व्यक्ति द्वारा एक पद पर ही कार्य करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में यथा पी०एम०सी०एच०, आई०जी०आई०एम०एस०, पटना और एम०एम०सी०, बेतिया, एस०के०एम०सी०एच०, मुजफ्फरपुर सहित अन्य जिलों में स्थित मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में एक डॉक्टर, प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष सहित अन्य दो-दो पद संभाल रहे हैं, जिसके कारण मरीजों को न ठीक से इलाज कर पा रहे हैं और न प्रशासनिक कार्य ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर को एक पद का जिम्मेवारी देने का विचार रखती है ?

## सरकारी आश्वासन

**श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, (उप मुख्यमंत्री)**—स्वीकारात्मक है।

(2) स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश संख्या 5066, दिनांक 11 अप्रील, 2019 द्वारा राज्य सरकार की सभी सेवाओं एवं पदों पर दी जानेवाली सभी प्रोन्नतियाँ एवं प्रोन्नति हेतु विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक की कार्रवाई अगले आदेश तक स्थगित है, जिसके कारण उच्चतर पदों पर प्रोन्नति दिये जाने की कार्रवाई बाधित है।

राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में उच्चतर पदों पर चिकित्सक शिक्षकों की अत्यन्त कमी रहने के कारण चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पताल के वरिष्ठतम चिकित्सक शिक्षक/विभागाध्यक्ष को अपने कार्यों के अतिरिक्त प्रभारी प्राचार्य/अधीक्षक के पद का प्रभार दिया गया है।

राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सक शिक्षकों की उक्त कमी को दूर करने हेतु विभागीय पत्रांक 302(17), दिनांक 7 जून, 2022 एवं 303 (17), दिनांक 7 जून, 2022 द्वारा प्रोन्नति के पदों यथा सह प्राध्यापक के कुल 346 एवं प्राध्यापक के कुल 165 पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेजी गयी है।

(3) उपर्युक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

(ज्ञाप संख्या 2713 वि०स०, पटना, दिनांक 17 अप्रील, 2023 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 2713, दिनांक 17 अप्रील, 2023 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 803 (17), दिनांक 16 अगस्त, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट XIV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 2724/22

## प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 431 (द-32), दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री वीरेन्द्र कुमार, स०वि०स० ।

**विषय**—(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 38 जिलों में से मात्र 26 जिलों में देशी आयुष चिकित्सा से संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी का पद सृजित है तथा राज्य के 12 जिलों में अभीतक पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के 10 जिलों में जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी का पद वर्षों

से रिक्त है जिस पर कनीय चिकित्सा पदाधिकारी को प्रभार देकर कार्य का निष्पादन कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोकहित एवं विभागीय कार्यहित को ध्यान रखकर इन पदों पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**सरकारी आश्वासन**

**श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, ( उप मुख्यमंत्री )**—(1) उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि राज्य के 38 जिलों में आयुष चिकित्सा पदाधिकारी का पद सृजित है, जबकि 26 जिलों में जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी का पद सृजित है एवं शेष 12 नवसृजित जिलों में जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी के पद सृजन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

(2) उत्तर आंशिक स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि राज्य के 26 जिलों में जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी का पद सृजित है। जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारियों के सेवानिवृत्ति/उच्च पदों पर कार्यकारी व्यवस्था के तहत पदस्थापित किये जाने के कारण 10 जिले में पदस्थापित वरीय आयुष चिकित्सा पदाधिकारी को उस जिले के जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी के पद का प्रभार देकर कार्यों का निष्पादन कराया जा रहा है।

(3) उपर्युक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

(ज्ञाप संख्या 2724-वि०स०, पटना, दिनांक 17 अप्रील, 2023 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 2724, दिनांक 17 अप्रील, 2023 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को वर्णित आश्वासन भेजा गया था । स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक 874 (आ०चि०), दिनांक 01 सितम्बर, 2023 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जिसपर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 04 अप्रील, 2024 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 04 अप्रील, 2024 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---

**आश्वासन संख्या 351/23**

**प्रसंग एवं विषय**

